**प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित "एअर क्वालिटी मॉनीटरिंग कमेटी" की दिनांक 09.10.2020 को पूर्वान्ह 11:00 बजे वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।**

सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ द्वारा सर्वप्रथम प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष, एअर क्वालिटी मॉनीटरिंग कमेटी तथा बैठक में प्रतिभाग किये सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ की गयी।

2— सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में नॉन अटेन्मेन्ट नगरों में अतिरिक्त सम्मिलित नगर मेरठ की वायुगुणता में सुधार हेतु दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन कार्यवाही के बिन्दुओं को सम्मिलित करते हुए कार्ययोजना निर्मित की गयी है। सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ द्वारा बैठक के मेरठ नगर की वायुगुणता के सुधार हेतु तैयार की गयी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया :—

(क) मेरठ नगर के वायु प्रदूषण के दृष्टिगत बोर्ड द्वारा तैयार की गयी इमीशन इन्वेन्टरी पर विस्तृत चर्चा की गयी, जिसके अर्न्तगत औद्योगिक, घरेलू, नगरीय ठोस अपशिष्ट, यातायात, वाहनों, हाटमिक्स प्लांट, ईट भट्ठों, डी0जी0 सेट, होटल इत्यादि से जनित वायु प्रदूषण के मात्रात्मक योगदान के संबंध में अवगत कराया गया।

(ख) मेरठ नगर में वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु तैयार कार्ययोजना के अर्न्तगत मौसम संबंधी आंकड़ों के आधार पर तैयार किये गये विन्डरोज डायग्राम की मदद से वृक्षारोपण हेतु योजना भी तैयार कर सम्मिलित की गयी है। योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया।

(ग) सदस्य सचिव द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कार्य योजना में प्रदूषण के उक्त प्रमुख कारकों की वर्तमान स्थिति, चुनौतियां, गैप एनालिसिस इत्यादि का विस्तृत समावेश करते हुए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गाइडलाइन के आधार पर दीर्घकालीन एवं अल्प कालीन कार्यवाही के बिंदुओं को सम्मिलित कर निम्नलिखित श्रेणियों के अंतर्गत कार्यवाही के बिंदु निर्धारित किए गए हैं—

- कैपेसिटी बिल्डिग, मॉनीटरिंग नेटवर्क का विकास एवं सोर्स अपोर्सनमेन्ट स्टडी
- पब्लिक आउटरीच
- रोड डस्ट एक्टीविटीज
- निर्माण कार्य
- वाहन
- अपशिष्ट एवं बायोमॉस का एकत्रण तथा जलाया जाना इत्यादि।

उक्त के अतिरिक्त प्रस्तुतीकरण के दौरान उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्माण परियोजनाओं के द्वारा डस्ट कन्ट्रोल हेतु किये गये उपायों के संबंध में विकसित कराये गये स्वमूल्यांकन डस्ट कन्ट्रोल आडिट शीट का प्रस्तुतीकरण किया गया एवं प्रगति के बारे में अवगत कराया गया। उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्माण परियोजनाओं को डस्ट कंट्रोल ऑडिट शीट के स्वमूल्यांकन एवं पैन टिल्ट जूम कैमरे की स्थापना हेतु **वायु ( प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण ) अधिनियम, 1981** की **धारा 31(ए)** के अंतर्गत विज्ञप्ति के माध्यम से निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त के अतिरिक्त अवगत कराया गया कि लखनऊ नगर निगम द्वारा छिड़काव हेतु शुद्ध जल के बजाय सीवेज उत्प्रवाह संयंत्र से जनित शोधित उत्प्रवाह के जल का उपयोग किये जाने हेतु आदेश निर्गत किये गये है। जल छिड़काव के समय डस्ट सप्रेशेन्ट के उपयोग का भी सुझाव दिया गया।

उक्त प्रस्तुतीकरण के उपरान्त परिवहन विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा मेरठ नगर के वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु प्रगति की जानकारी दी गयी। तत्क्रम में सदस्य सचिव,

उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त सुझावों को भविष्य में प्रगति आख्या प्रेषित किये जाने के समय शामिल कर लिया जायेगा।

**विचार विमर्श के उपरान्त एअर क्वालिटी मॉनीटरिंग कमेटी द्वारा मेरठ नगर की वायुगुणता के सुधार हेतु बोर्ड द्वारा विभिन्न संबंधित विभागों के सहयोग से तैयार की गयी कार्ययोजना का अनुमोदन प्रदान किया गया।**

3— बैठक के अंत में समस्त प्रमुख सचिव महोदय द्वारा निम्न निर्देश दिये गये—

1— समस्त विभाग मेरठ नगर की कार्ययोजना के अनुसार वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु तैयार किये गये कार्यबिन्दुओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही— कार्ययोजना में चिन्हित समस्त विभाग)**

2— उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वायु प्रदूषण के प्रभावी नियंत्रण की दृष्टि से तकनीकी विशेषज्ञों/सलाहकारों को लेकर बोर्ड के अंतर्गत **"नॉलेज सेंटर"** का विकास किया जाए ताकि प्रदूषण नियंत्रण के संबंधित अध्ययन इत्यादि **"इन—हाउस"** किए जा सके।

**(कार्यवाही— उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड)**

3— प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रदूषण की स्थिति एवं किए जा रहे उपायों के संबंध में नियमित रूप से प्रेस रिलीज जारी की जाए जिससे कि मीडिया के माध्यम से जन सामान्य को उचित जानकारी प्राप्त हो सके।

**(कार्यवाही— उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड)**

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

**सुधीर गर्ग**
प्रमुख सचिव।

**उत्तर प्रदेश शासन**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग—7**
**संख्या— 961 /81—7—2019—09 (रिट)/2016**
**लखनऊ : दिनांक : 13 अक्टूबर, 2020**

**प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—**

1— अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, नगर विकास/आवास एवं शहर नियोजन/लोक निर्माण/सिंचाई एवं जल संसाधन/गृह/परिवहन/अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास/कृषि/उद्यान/खाद्य एवं रसद विभाग, उ0प्र0 शासन।
2— आयुक्त, खाद्य एवं आपूर्ति, उ0प्र0 लखनऊ।
3— मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीसीडा, कानपुर।
4— प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0 लखनऊ।
5— निदेशक, पर्यावरण, उ0प्र0, लखनऊ।
6— क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आंचलिक कार्यालय नार्थ जोन, लखनऊ।
7— प्रो0 सच्चिदानन्द त्रिपाठी, आई0आई0टी0, कानपुर।
8— सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ।
9— क्षेत्रीय अधिकारी, ईस्ट/वेस्ट, एन0एच0आई0, लखनऊ।
10— पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग—4/5, उ0प्र0 शासन।
11— गार्ड फाइल।

**आज्ञा से,**

**( भारत प्रसाद )**
अनु सचिव।